## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें विकसित भारत के निर्माण में उत्प्रेरक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मानती है कि भारत की दो असीम शक्तियाँ हैं, एक उसकी जनसांख्यिकी और दूसरा उसका लोकतंत्र। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले को संबोधित कर रहे थे।

*****************

रांची में सीसीएल के दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेला में चयनित एक सौ बहत्तर युवाओं में से 25 युवाओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, विधायक सुरेश बैठा समेत कई अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको प्रधानमंत्री के हाथों मिला यह नियुक्ति पत्र जीवन के लिए हमेशा एक धरोहर के रुप में रहेगा।

*****************

श्रांची विश्वविद्यालय का छियासठवां स्थापना दिवस आज रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता कुलपित प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान रांची विश्वविद्यालय के अब तक के सफर की जानकारी साझा की गई। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

*****************

राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया को नियंत्रित करने के लिए बोकारो, गढ़वा, सरायकेला–खरसावां, गुमला, खूंटी और लोहरदगा में निगरानी और विशेष जांच केंद्र बनाए जाएंगे। इसके लिए यहां सेंटिनल साइट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यहां इन बीमारियों की निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा होगी।
गिरिडीह जिला प्रशासन ने जल जीवन मिशन की समीक्षा के बाद अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

हजारीबाग जिले के चरही थाना में पदस्थापित झारखंड पुलिस के जवान रमाशंकर पांडे की आज तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस की टीम डीजल तस्करी की सूचना पर जांच कर रही थी। इस दौरान चालक ने बैरिकेड को तोड़ते हुए डिवाइडर पर ट्रक को चढ़ा दिया और सभी भाग निकले। वहीं पीछे से आ रहे कंटेनर ने जवान को अपनी चपेट में ले लिया।

*****************

प्रसार भारती और हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं के प्रसारण के लिए तीन वर्ष के समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत सभी मैच डीडी स्पोर्ट्स, वेव्स ओटीटी और प्रसार भारती के अन्य प्लेटफॉर्म से प्रसारित किए जाएंगे।

*****************

राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 15वीं हॉकी इंडिया सब जुनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का पहला सेमीफाइनल हरियाणा और ओडिशा के बीच खेला जा रहा है। इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान झारखंड और मणिपुर के बीच खेला जाएगा।

***************